भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.12.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3881 का उत्तर

बुलेट ट्रेन परियोजनाएं

3881. कुंवर दानिश अलीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में चालू बुलेट ट्रेन परियोजना की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा अब तक उक्त परियोजनाओं हेतु कितनी बजट राशि आवंटित की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): इस समय, भारत सरकार द्वारा केवल मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल परियोजना (एमएएचएसआर) स्वीकृत की गई है, जिसे कार्यान्वित किया जा रहा है। इस परियोजना के निष्पादन के लिए राष्ट्रीय उच्च गति रेल निगम लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) नामक एक विशेष प्रयोज्य योजना (एसपीवी) का गठन किया गया है।

पिछले 3 वर्षों में इस परियोजना के लिए सरकार द्वारा किया गया बजट आबंटन निम्नानुसार है :-

(i) वित्त वर्ष 2017-18 - 150 करोड़ रु.
(ii) वित्त वर्ष 2018-19 - 2400 करोड़ रु.
(iii) वित्त वर्ष 2019-20 - 7100 करोड़ रु.

*****